Policy WATCH

Volume XII, Issue 12
December 2023, New Delhi

Special Issue
(COVERING ALL THEMES)

In this issue

24 दिसंबर **2023** को सानेगुरुजी की **125** वी जयंती के उपलक्ष में
-डॉ. सुरेश खैरनार, पूर्व अध्यक्ष राष्ट्र सेवा दल, नागपुर

White paper on the Telangana state's finances

रोजगार निर्माण के लिए एक रणनीति
- विजय महाजन, प्रशांत रेजी और जगमीत सिंह

Workshop Report: Conservation linked entrepreneurship and sustainable development of mountain districts of Uttarakhand
- Jeet Singh, RGICS

India's Foreign Policy since 2014: Continuity and Change
- Sneha Mahapatra, RGICS

Contents

Editorial....3

Constitutional Values and Democratic Institutions....4

1) 24 दिसंबर 2023 को सानेगुरुजी की 125 वी जयंती के उपलक्ष में- डॉ. सुरेश खैरनार, पूर्व अध्यक्ष राष्ट्र सेवा दल, नागपुर....4

Governance and Development....11

2) White paper on the Telangana state's finances....11

Growth with Employment....13

3) रोजगार निर्माण के लिए एक रणनीति- विजय महाजन, प्रशांत रेजी और जगमीत सिंह....13

3.1 प्रस्तावना....13

3.2 2018 से 2024 के बीच अधिक रोजगार संभावनाओं वाले क्षेत्र....14

3.3 क्रियापद्धति और मॉडल....18

3.4 मॉडल के परिणाम....18

3.5 निष्कर्ष....21

3.6 संदर्भ सूचि....22

Environment, Natural Resources and Sustainability....23

4) Workshop Report: Conservation linked entrepreneurship and sustainable development of mountain districts of Uttarakhand- Jeet Singh, RGICS....23

4.1 Introduction....23

4.2 Entrepreneurship mindset....25

4.3 Significance of conservation linked entrepreneurship in Uttarakhand....27

4.4 Enterprise Ecosystem for Green Development in Uttarakhand....28

4.5 National Rural Livelihood Mission....28

4.6 Rural Enterprise Acceleration Project (REAP)....30

4.7 Conservation responsibilities and value added livelihoods....31

4.8 Carbon sequestration and trading of credits....34

4.9 Accessibility of technology and techniques to entrepreneurs....34

4.10 Major takeaways and recommendations....36

India's Place in the World....37

5) India's Foreign Policy since 2014: Continuity and Change- Sneha Mahapatra, RGICS....37

5.1 Introduction: why was 2014 a watershed?....37

5.2 Elements of change and continuity....44

5.3 Departure from earlier policy stances – Three examples....49

5.4 Shifts in style and substance....53

5.5 Conclusion....58

RAJIV GANDHI
INSTITUTE FOR CONTEMPORARY STUDIES

Editorial

The Rajiv Gandhi Institute for Contemporary Studies (RGICS) works on five themes:

1. Constitutional Values and Democratic Institutions
2. Growth with Employment
3. Governance and Development
4. Environment, Natural Resources and Sustainability
5. India's Place in the World

We bring out the monthly Policy Watch on each of these themes sequentially and every sixth issue is a Special Issue, where we carry articles from each theme. This is a special issue in which we carry one article on each theme.

The first article is in Hindi, by Shri Suresh Khairnar and it is a biograpihcal tribute to Sane Guruji – the great social reformer of Maharshartra whose 125th birth anniversary was on 23rd Dec 2023. We include it under the theme Constitutional Values and Democratic Institutions as people like Sane Guruji did a lot to truly establish the founding values of our Constitution.

The next article under the theme Governance and Development carries the summary of a White Paper on State Finances issued by the newly elected Telangana government. It shows how the state (and indeed all major states) is in a precarious fiscal situation and their deficit financing just cannot be sustained. We have to examine the fiscal costs of all kinds of promises that are made before elections by all Parties.

The third article is also in Hindi on the theme of Growth with Employment. Written by the undersigned, and two former colleagues of the RGICS, it shows the dire need to change our growth model so that jobs are also created. The paper emphaises the need to invest in regenerating the natural resources – land/soil, water, forests – so as to restore the productivity of agriculture and thereby generate more jobs in rural areas and also enhance farmers' and agricultural workers' incomes.

The fourth article is on the theme Environment, Natural Resources and Sustainability and it describes a workshop held in Uttarakhand in which Mr Jeet Singh, Fellow, RGICS participated. It deals with the issue of how to promote enteprises which while generating jobs and incomes for the local hill people, also ensure environmental conservation.

The firth article on the theme India's Place in the World, is a review of the changes in India's foreign policy since 2014. It has been written by RGCS Fellow, Sneha Mahapatra under the guidance of Dr Somanth Ghosh, Senior Visiting Fellow.

We hope the readers find the above articles enjoyable and informative. We would appreciate any feedback.

Vijay Mahajan
Director, Rajiv Gandhi Institute for Contemporary Studies

Images Courtesy:
Google Images (free to use images)
freepik

1) 24 दिसंबर 2023 को सानेगुरुजी की 125 वी जयंती के उपलक्ष में

डॉ. सुरेश खैरनार, पूर्व अध्यक्ष राष्ट्र सेवा दल, नागपुर



देश भर के राष्ट्र सेवा दल के तथा समाजवादी, आंतरभारती, सानेगुरुजी कथामाला और साप्ताहिक साधना परिवार के सभी साथीयो के नाम विनम्र निवेदन!

उन्नीसवीं शताब्दी के समाप्त होने के और बीसवीं शताब्दी शुरू होने के अंतिम सप्ताह में, 24 दिसंबर 1899 के दिन बीसवीं शताब्दी के शुरू होने के एक सप्ताह पहले महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र के, पालगड नाम के तीन से चार हजार जनसंख्या वाले छोटे से देहात में सानेगुरुजी का जन्म हुआ था। यानी येशू ख्रिस्त के एक दिन पहले, और दो हजार एक सौ साल और इक्कीस दिन पहले, करूणा, प्रेम, दया और शांति के संदेश देने वाले भगवान येशू के जन्मदिन के सिर्फ एक दिन पहले समस्त महाराष्ट्र के संत ज्ञानेश्वर के बाद (माऊली)के नाम से जाने जाने वाले मातृहृदयी सानेगुरूजी का जन्म हुआ।

शुरू के दिनों में भले ही आर्थिक स्थिति खाने-पीने के हिसाब से ठीक थी लेकिन भारतीय ग्रामीण क्षेत्रों में कब किसकी स्थिति बिगडेगी, यह कोई नहीं जानता एक तरह से जुआ ही होता है । उसी तरह से शिक्षा की व्यवस्था भी नहीं रहने के कारण, उन्हें प्राथमिक शिक्षा से हायस्कूल तथा उच्च शिक्षा के लिए भी बहुत कष्टों से अपने एम.ए तक कि शिक्षा के लिए बहुत जद्दोजहद करनी पड़ी। इस कारण गरीबी, भुख तथा अभावग्रस्त परिस्थिती का सामना करते हुए, खुद के जीवन के अनुभवों से, गरीब तथा दबे-कुचले समाज के लिए स्वाभाविक रूप से नाता जुडा और जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय उन्ही तबके के लिए काम करने मे गया।

हालांकि सानेगुरुजी ने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद महाराष्ट्र के खान्देश के अंमलनेर नाम की जगह में प्रताप हायस्कूल में शिक्षक की नौकरी के लिए खान्देश एज्युकेशन सोसायटी द्वारा चलाए जा रहे स्कूल में आए थे।

17 जून 1924 के दिन शिक्षक के रूप में जॉइन किया। लेकिन सिर्फ़ शिक्षक के काम के अलावा, संवेदनशील स्वभाव के कारण खान्देशके किसानों और मिल मजदूर वर्ग के लोगों की समस्याओं को लेकर आर्थिक - सामाजिक सुधार करने के लिए उन्होंने उनके संगठन खड़े किए और संघर्ष कीया।

मुख्यतः धुलिया-जलगांव, अंमलनेर के प्रताप मील के मजदूरों की युनियन और खान्देश के किसानों का संगठन खड़ा किया और उसके बलबूते पर, उस समय उनकी उम्र 25 साल की थी और देशभर में स्वतंत्रता की लड़ाई जारी थी।

छ साल शिक्षक की नौकरी करने के बाद 21 अप्रैल 1930 के दिन सानेगुरुजी ने चुपचाप अपनी नौकरी से खुद ही गायब होकर देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में शामिल होने का निर्णय लिया और अपने जीवन का पहला भाषण फैजपूर में दिया, जिस फैजपूर में छ साल बाद कांग्रेस का पहला ग्रामीण क्षेत्र में राष्ट्रीय अधिवेशन 1936 के दिसंबर में संपन्न हुआ। एक तरह से सानेगुरुजी के जीवन का यह मोड आने वाले बीस साल तक अथक प्रयासों की दास्तान है।

17 मई 1930 के दिन सानेगुरुजी को, अंग्रेज सरकार ने अमळनेर की सभा में भाषण देते हुए राष्ट्र द्रोह के अपराध में पंद्रह महिनो की सजा सुनाई और धुलिया के जेल में बंद कर दिया। लेकिन धुलिया के जेल में नौजवानों को भड़काने के आधार पर, उन्हें ढाई महीनों के भीतर ही दक्षिण भारत के उस समय के मद्रास प्रांत के त्रिचनापल्ली जेल में लेकर गए और यही जेल में उन्होंने आंतरभारती की कल्पना की क्योंकि वह जेल एक मीनी भारत ही था। तीन हजार कैदियों में लगभग भारत के सभी प्रदेश के कैदियों की भाषा और संस्कृति का परिचय गुरुजी को हुआ था और वहाँ उन्होंने तमिल भाषा सीखने का प्रयास किया, और तमिल भाषा के संत कुरूवल्लूवर के प्रसिद्ध ग्रंथ 'कुरल' का अनुवाद किया।

कुरल को तमिल भाषा काऔर इसी जेल में विनोबा के गीता प्रवचनों को, सानेगुरूजी ने नोट्स लेने के कारण आज यह किताब की शक्ल में 'गीताई' के शिर्षक से उपलब्ध है | उस जेल में काफी भीड़ होने के कारण कुछ कैदियों को नासिक जेल में ले जाया गया जिसमें गुरुजी भी थे, और इसी जेल में उन्होंने उनकी सबसे चर्चित और प्रसिद्ध किताब 'श्यामू की माँ' का लेखन 36 रातो में पूरा किया। यह उनका एक तरह से आत्मचरित्र ही है और इसी किताब को पढकर महाराष्ट्र में एक पीढ़ी संस्कारित हुई है।

और आज भी काफी लोगों को प्रेरित करने का काम करती है। शायद मराठी की सब से ज्यादा मात्रा में बिकने वाली किताब में' श्यामची आई' का समावेश होता है, और इसी कारण आचार्य अत्रे ने 'श्यामची आई' पर मराठी में सिनेमा तैयार किया है, और शायद मराठी फिल्मों में पहली फिल्म है जिसे राष्ट्रीय स्तर का 'राष्ट्रपति सुवर्ण मयूर' पुरस्कार मिला है।

Source: Image

वेद माना जाता है। 'कुरल' का अर्थ दो चरण है, और 'कुरूवल्लूवर' में 1330 चरण है। इस तरह की महत्वपूर्ण साहित्य कृति का अनुवाद करने के अलावा पत्री नाम का काव्य संग्रह भी लिखा है। इस के अलावा गुरुजी ने चार नाटक त्रिचनापल्ली के जेल जीवन में लिखे हैं और कुछ अंग्रेजी, फ्रेंच भाषा के साहित्यकारों के साहित्य का भी अनुवाद किया है। 23 मार्च 1931 के दिन सानेगुरुजी को त्रिचनापल्ली के जेल से रिहा कर दिया गया और उसी दिन लाहौर जेल में भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को रात में फांसी की सजा दी गई। तो गुरुजी ने अंमलनेर में उस सजा के खिलाफ सभा करते हुए अंग्रेज सरकार के इस कुकृत्य की भर्त्सना की है।

इसके बाद आचार्य विनोबा भावे के साथ खान्देशके दौरे में गुरुजीको जीवन में पहली बार साथ - साथ मिलकर घुमने का अवसर मिला था और उस कारण विनोबाजी के नजदीक जाने का भी और विनोबा के व्यक्तिमत्त्व को देखते हुए उन्होंने उनका चरित्र भी लिखा और 1932 में फिर धुलीया के जेल में साथ-साथ रहने का मौका मिला।

इसके पहले धुलीया जेल में ही उन्होंने रविंद्रनाथ टागौर के साधना और स्वदेशी समाज, इन दोनों किताबों का अनुवाद किया। विश्वप्रसिद्ध रचनाओं का अनुवाद करके, मराठी भाषी लोगों के लिए सानेगुरुजी ने बहुत बड़ा योगदान किया। अपने खुद के कविता, निबंध, कथा, उपन्यास के अलावा, अन्य साहित्य के अनुवाद कार्य में सानेगुरुजी के बराबर मराठी भाषी साहित्यकार दुसरा नही देखा। कुलमिलाकर 51 साल के जीवन में साहित्य, सार्वजनिक कार्य तथा उनके सहवास में आये युवा पीढ़ी को संस्कारित करने के उनके कार्यकाल को देखते हुए लगता है कि गुरुजी खुद ही एक स्कूल थे।

उसी के परिणाम स्वरुप 4 जून 1941 को राष्ट्र सेवा दल की स्थापना हुई। घोर सांप्रदायिकता के उपर खड़ा किया गया आर. एस. एस. के साथ मुकाबले हेतु ही राष्ट्र सेवा दल की स्थापना की गई है।

कांग्रेस की स्थापना 1885 के बाद पहली बार कांग्रेस के अधिवेशन को किसी देहात में आयोजित करने का श्रेय सानेगुरुजी को ही जाता है। खान्देश के जलगांव जिले के फैजपूर नाम के देहात में 1936, मतलब कांग्रेस की स्थापना के 51 साल बाद अधिवेशन फैजपूर में साने गुरुजी केअथक प्रयासों से संपन्न हुआ जिसके अध्यक्ष पंडित जवाहरलाल नेहरू थे। जिसमें 'राष्ट्र सेवा संघ,' नामक स्वयंसेवकों का अधिवेशन के लिए स्वयंसेवक संघठन का गठन करके अपने अगुआई में सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रथम अधिवेशन संपन्न कराने के लिए सानेगुरुजी की मेहनत रंग लाई।

साने गुरुजि के जीवन का और महत्वपूर्ण पडाव हैं। जनवरी 1941 में धुलिया जेल में मधु लिमये बच्चों के वॉर्ड में बंद थे और उनकी और गुरुजि के साथ पहली आमने-सामने की भेंट। उस समय मधूजी गिनकर अठारह साल के थे और गुरुजी बयालीस पार कर चुके थे। मतलब एक पिता के उम्र के साने गुरुजी बेटे के उम्र के मधू लिमये के साथ धुलिया जेल में पहली मुलाकात में समझ जाते हैं कि यह लडका वैचारिक रूप से बहुत ही परिपूर्ण है और खान्देश के मिल मजदूर और किसानों के आंदोलनों के कारण गुरुजी कम्युनिस्टों की सोहबत में रहने के कारण कम्युनिस्ट प्रभाव में थे।

लेकिन दुसरे विश्वयुद्ध में कम्युनिस्ट पार्टी के ढुलमुल नितियो के बारे में पहले स्टालिन और हिटलर का समझौता हो चुका था। लेकिन हिटलर ने उसके बावजूद रशिया पर हमला करने के बाद कम्युनिस्टों का रवैया बदलकर वह लोकयुध्द बोलने लगे समाजवाद के उपर। मधू लिमये के धुलिया जेल में उन्नीस भाषण हुए और उन भाषणों की नोट्स साने गुरुजी ने लेने के कारण कम्युनिस्ट प्रभाव वाले गुरुजी एक बेटे के उम्र के लड़के के प्रभाव में आकर शुद्ध सोशलिस्ट बने।

और कम्युनिस्ट पार्टी के दुसरे महायुद्ध से लेकर बयालीस के भारत छोडो आंदोलन के दौरान भी विरोधी भुमिका के कारण सानेगुरुजी का कम्युनिस्ट पार्टी से पूरी तरह से मोहभंग हो गया और वैचारिक रूप से मधू लिमये के प्रभाव में आने वाले समय में रहे हैं। बहुत ही स्नेह और आदर गुरुजी मधूजी के बारे में रखते थे। यहां तक कहा जाता है "कि अगर गुरुजी और मधूजी के 1950 में अच्छी तरह से मुलाकातें होती तो शायद गुरुजी ने आत्महत्या नही की होती !"

और उसमें से आगे पांच सालों बाद, 4 जून 1941 को राष्ट्र सेवा दल की स्थापना करने की बात, एस. एम. जोशी, एन. जी. गोरे, भाऊसाहेब रानडे, शिरूभाऊ लिमये, अण्णासाहेब सहस्रबुद्धे इत्यादि समाजवादी लोगों के मन में आई, जिसे सानेगुरुजीअपना प्राणवायु कहा करते थे। और उसकी वजह आर. एस. एस. के स्थापना के सोलह साल पस्चात, बढती हुई घोर सांप्रदायिकता और जातीयता के प्रचार-प्रसार को रोकने के लिए ही राष्ट्र सेवा दल का गठन किया गया है। यह बात मुझे बार - बार दोहराने की एकमात्र वजह - हम राष्ट्र सेवा दल के देशभर के फैले हुए लोग यह भुल गए हैं।

34 साल पहले अक्तुबर 1989, भागलपुर के दंगे के बाद मैंने यही बात राष्ट्र सेवा दल के अर्धशताब्दी के समय 1991 में विस्तार से तत्कालीन पदाधिकारियों को लिखे पत्र में लिखा था, "कि आने वाले समय में कम-से-कम पचास साल तक भारतीय राजनीति का केंद्र बिंदु सिर्फ और सिर्फ सांप्रदायिकता ही रहेगा !" इसलिए राष्ट्र सेवा दल के पचास साल पुरे होने के उपलक्ष्य में आनेवाले पचास साल की भारत की संसदीय राजनीति का केंद्र बिंदु सिर्फ और सिर्फ सांप्रदायिक राजनीति के इर्द-गिर्द में रहने वाली है।

राष्ट्र सेवा दल के अर्धशताब्दी के समारोह में तत्कालीन भारत के राष्ट्रपति के. आर. नारायणन प्रमुख अतिथी के रूप में आने वाले थे इसलिए मैंने अपने पत्र में आग्रह किया था कि "राष्ट्रपति के उपस्थिति में राष्ट्र सेवा दल आने वाले कम-से-कम दस साल सिर्फ सांप्रदायिकता के सवाल पर ही राष्ट्र सेवा दल के देशभर के कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई जानी चाहिए कि 1991 से 2001 तक का एक दशक, हमारे कार्यकर्ता प्रमुख रूप से सांप्रदायिकता के सवाल पर काम करेंगे।" यह पत्राचार गुजरात के दंगों के ग्यारह साल पहले का है और नरेंद्र मोदी के राजनीतिक जीवन की शुरूआत होने के पहले का है।

सानेगुरुजी अत्यंत संवेदनशील और कविहृदय के साहित्यकारों में से एक रहे हैं। उन्होंने सिर्फ मनोरंजन के लिए ही साहित्य नहीं लिखा है, अगल-बगल के शोषण तथा विषमता तथा अन्याय, अत्याचार तथा घोर सांप्रदायिक-जातियता के खिलाफ अपनी साहित्यिक रचना कथा, उपन्यास, कविता तथा उनके निबंध है। उदाहरण के लिए उनका लिखा हुआ मेरा सबसे प्रिय गित जिसे मैं यूनो का गित बनाने की इच्छा रखता हूँ, "सच्चा धर्म वहीं है जो दुनिया को प्रेम अर्पित करना चाहिए!" (खरा तो एकची धर्म जगाला प्रेम अर्पावे) जैसा अर्थपूर्ण गीत संत ज्ञानेश्वर के "पसायदान की बराबरी करता है"।

https://www.youtube.com/watch?v=bpQuFycSCvk

इसी तरह 'शामू की माँ 'नाम का उपन्यास, आत्मचरित्रात्मक लेखन, वैश्विक कलाकृती मे शुमार होता है जिसे पढकर महाराष्ट्र की कितनी पिढीयो को संस्कारित करने का श्रेय सानेगुरुजी को जाता है। कम-से-कम हमारे जैसे लोगों को संस्कारित करने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण रहा है। जिस पर मराठी के मशहूर साहित्यकार और संपादक आचार्य अत्रे जी ने फिल्म भी बनाई है और प्रथम बार किसी मराठी फिल्मों में से राष्ट्रपति के स्वर्ण मयूर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

उसी तरह भारतीय संस्कृति नाम की किताब, भारत की गंगा- जमुनी संस्कृति के महत्व को रेखांकित करते हुए भारत की बहुआयामी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए, भारतीय संस्कृति यह किताब भारत की सभी भाषाओं में अनुवाद करने की आवश्यकता है।

और इसी कड़ी में उन्होंने आंतरभारती की कल्पना अपने मृत्यु के पहले लिखी है, जिसमें भारत जैसे बहुभाषी, बहुसांस्कृतिक देश के लोगों ने अपनी भाषा के अलावा अन्य प्रदेश की भी भाषा सीखने की कोशिश करनी चाहिए, और एक दूसरे की संस्कृति को जानने - समझने के लिए एक दूसरे प्रदेश में जाकर वहां के खान - पान, त्योहारों से लेकर साहित्य कला तथा भाषाएं भी सिखनी चाहिए, अन्यथा आजादी के बाद भी हमारे देश में आपस में ही मेलजोल नही होगा तो विश्व के विभिन्न देशों से क्या होगा?

सानेगुरुजी जैसे संवेदनशील लोग दुनिया में कभी-कभी ही पैदा होते हैं। हमारे देश में कविगुरू रविंद्रनाथ टागौर, महात्मा गांधी, आचार्य विनोबा भावे, संत ज्ञानेश्वर, तुकाराम, संत कबीर नानकदेव, बश्वेशरजी, महात्मा फुले, डॉ. राम मनोहर लोहिया, डॉ. बाबासाहब आंबेडकर, आचार्य जावडेकर, आचार्य नरेंद्र देव, जयप्रकाश नारायण की कड़ी में सानेगुरुजी का नाम आता है।

कुल मिलाकर इक्क्यावन साल और पांच महीने और अठारह दिन के जीवन में महाराष्ट्र में एक पीढ़ी अपने खुद के सामने स्वतंत्रता, जनतंत्र, समता और सर्वधर्मसमभाव के मुल्यो के उपर समाज बनाने के लिये उन्होंने तैयार की है, और उसके बाद भी वह सिलसिला जारी है।

हम राष्ट्र सेवा दल के सैनिकों का भले ही सानेगुरुजी के मृत्यू (11 जून 1950) के बाद जन्म हुआ होगा, और हमें उन्हें देखने और सुनने का मौका नही मिलने के बावजूद उनके साहित्य और उनके सहवास में रहे मेरे पिताजी से लेकर, एस. एम. जोशी, एन. जी. गोरे, बैरिस्टर नाथ पै, मधु लिमये,प्रोफेसर मधू दंडवते, प्रोफेसर ग. प्र. प्रधान, यदुनाथ थत्ते, कवी वसंत बापट जैसे हमारे सार्वजनिक जीवन के पिता समान लोगों से जो भी सुना, पढा उससे हम राष्ट्र सेवा दल के सैनिकों का व्यक्तित्व बनने में बहुत मदद हुई है।

सानेगुरुजी का जन्म भले ही कोंकण में हुआ था और उनकी प्राथमिक शिक्षा कोंकण और महाविद्यालय की शिक्षा मुंबई तथा पुणे में हुई थी लेकिन उन्हें अपने शिक्षक की नौकरी के कारण महाराष्ट्र के खान्देश नामके आंमळनेर के प्रताप हायस्कूल मे शिक्षक की नौकरी और धुळे, जळगाव और नाशिक विभाग में अपना कार्यक्षेत्र, उनके सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक कामो के लिए उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय खान्देश में रहा है, लगभग आधा जीवन।

प्रताप हायस्कूल का छात्रावास भी था। सानेगुरुजी को छात्रावास के अधिक्षक की अतिरिक्त जीम्मेदारी भी सौंपी गई थी जिस कारण सानेगुरुजी के भीतर का मातृहृदय प्रकट होकर, छात्रों को माँ के जैसा प्रेम और उनके बीमारी के समय जो सेवा सानेगुरुजी ने की, उसीके चलते उन्हें मातृहृदयी या माऊली (माँ) भी कहा जाता है। और इस तरह की सेवा का लाभ लिए विद्यार्थियों मे से कुछ महाराष्ट्र के सार्वजनिक जीवन में आये मधुकरराव चौधरी, शिवाजीराव पाटील उनके बड़े भाई उत्तमराव पाटील, प्रकाश मोहाडीकर इत्यादी लोगों ने अपने अनुभवों के आधार पर उन्हें मातृहृदयी कहा है।

सानेगुरुजी के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और आखिरी कार्य, पंढरपूर के विठ्ठल मंदिर मे हरिजन प्रवेश के लिए किया गया उपवास है। इसके पहले डॉ. बाबा साहब अंबेडकरजी ने नासिक के काला राम मंदिर के **1** मार्च 1930 के दिन छ साल तक मंदिर प्रवेश करने के लिए सत्याग्रह किया था और उसके प्रतिक्रिया स्वरूप उन्होंने उसी साल येवला तालुका जो नासिक जिले में ही आता है अपनी इतिहास प्रसिद्ध घोषणा की थी कि "मैं हिन्दू धर्म में पैदा जरूर हुआ हूँ, लेकिन मैं मरने के पहले हिंदू धर्म का त्याग अवश्य करूंगा।" लेकिन हिंदू धर्म के अंतर्गत कर्मठ लोगों के उंचनिंच भेद-भाव के कारण बीस साल पस्चात डॉ. बाबा साहब अंबेडकरजी को अपने लाखों अनुयायियों के साथ नागपुर में 1956 के 14 अक्तुबर दशहरे के दिन बौद्ध धर्म की दिक्षा लेनी पडी और हजारों सालों से यही सिलसिला जारी है।

क्योंकि अस्पृश्य समाज के लोग उस मंदिर की मूर्ति का दर्शन कर नही सकते और इसी कुप्रथाओं के कारण आज के ज्यादा से ज्यादा मुस्लिम, क्रिस्चियन तथा हिंदू धर्म छोडकर गए हैं। और यह बात शिकागो जाने के पहले दक्षिण भारत के प्रवास के दौरान स्वामी विवेकानंद जी ने भी कहा है कि, "भारत में क्रिस्चियन या इस्लाम धर्म का आगमन हमारे जाति-व्यवस्था के कंधों पर बैठकर ही हुआ है।" लेकिन इसके बावजूद तथाकथित हिंदूत्ववादी लोगों का गुस्सा अल्पसंख्यक समुदाय के उपर होने के मुख्य कारणों से यह भी एक कारण है।

इस बात पर सोच विचार करना तो दूर, उल्टा आज भी उत्तराखंड जिसका दूसरा नाम देवभूमि भी है, दलितों को मंदिरों में प्रवेश नहीं है। और उसी उत्तराखंड के हरिद्वार के धर्म संसद 17, 18, 19 दिसंबर यानी आजसे एक सप्ताह पहले ही संपन्न हुई, जिसमें अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ जो जहरीले भाषणों की झड़ी लगाई गई है, उसके पीछे के कारण देखा जाए तो, हजारों साल पहले दलीतो ने जो हिंदू धर्म की घृणित जातीव्यवस्था के खिलाफ बगावत की है उसके खिलाफ गुस्सा जाहिर हो रहा है। लेकिन किसी भी वक्ता के मुहँ से हिंदू धर्म की उचनिच और उत्तराखंड के मंदिर दलितों के लिए खोलने की बात नहीं आई। उल्टा उन्हीं के पूर्वजों ने इसी जातीप्रथा से तंग आकर दुसरे धर्म को अपनाया क्योंकि उन्हें मस्जिद, गिरजाघरों में बराबर का प्रवेश मिला है।

डॉ. राम मनोहर लोहिया की भाषा में "हिंदू धर्म की कट्टरपंथी और उदारपंथ की पांच हजार वर्ष पुरानी लड़ाई है, जो आज चरम सीमा पर हमारे देश में चल रही है!" हरिद्वार की धर्मसभा या कर्नाटक या देश के अन्य क्षेत्रों में अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों के उपर हो रहे हमलों के उदाहरणों से पता चलता है कि यह घृणा उसी बात को दर्शाते हैं। सवाल देश और प्रदेश की सरकारों की अकर्मण्यता का है। यह वही सरकारे है जिन्होंने दलितों तथा आदिवासी और महिलाओं के साथ हुई अत्याचारों की घटनाएं हुईं तो, उन्हें दबाने - मिटाने के लिए क्या-क्या नहीं किया? यहां तक की जांच तथा घटना के बारे में जानकारी लेने के लिए जाने वाले लोगों को देशद्रोह के कानून में जेलों में बंद कर दिया। और देश के भीतर गृहयुद्ध जैसे संगिन भाषणों को देखते हुए, कोई भी कोई कार्यवाही नहीं करना किस बात का प्रमाण है?

और प्रधानमंत्री, गृहमंत्री जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर बैठे हुए लोगों की चुप्पी, अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन देने की बात है। एक तरह से अघोषित हिंदू राष्ट्र की तरफ इशारा करते हुए, उन्होंने भारत की बहुआयामी संस्कृति को मिटाने की शुरुआत कर दी है। सानेगुरुजी के 125 वी जयंती के अवसर पर यह सब देखकर और भी हैरान करने वाली बात है।

1932 के ऐतिहासिक पुना पॅक्ट के बाद महात्मा गाँधी के नेतृत्व में हुई हरिजन यात्रा के दौरान, संपूर्ण देश में हजारों की संख्या में मंदिरों के कपाट हरिजनो के लिए खोले गए थे लेकिन कुछ मंदिरों में आज भी हरिजनो को प्रवेश नहीं है। यह बात साने गुरूजी जैसे संवेदनशील लोगों को बहुत अखरती थी। और महाराष्ट्र - कर्नाटक के सबसे लोकप्रिय मंदिर पंढरपुर के विठ्ठल मंदिर में हरिजनो को प्रवेश नही था। देश की स्वतंत्रता नजर के सामने आ रही थी लेकिन हरिजनो के लिए विषमतावादी मानसिकता के कुछ लोगों के कारण प्रवेश वर्जित था,| इसलिये सानेगुरुजी ने 1946 के नवम्बर माह में समस्त महाराष्ट्र का ध्यान आकर्षित करने वाली घोषणा कर दी कि जबतक पंढरपुर के मंदिर में हरिजनो को प्रवेश नहीं दिया जाता तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा।

इस खबर से संपूर्ण महाराष्ट्र में जबरदस्त हलचल मच गई। यह घोषणा बोर्डी नाम के मुंबई के नजदीक एक समुद्री किनारे स्थित गांव में जब गुरूजी अपने भाई के घर पर विश्राम करने के लिए गए थे उस समय किए, तो एस. एम. जोशी, मधु लिमये, सेनापती बापट, अच्युतराव पटवर्धन और शिरूभाऊ लिमये यह पांच लोग तुरंत बोर्डी गए और उन्होंने गुरुजी को समझाने की कोशिश की, कि इस तरह अचानक अनशन मत करो संपूर्ण महाराष्ट्र मे जनजागृती करने के बाद ही अनशन किजीये।

और इस तरह छ महिनों के प्रचार-प्रसार के बाद ही अनशन करने का निर्णय लिया गया। इन छ महीनों में राष्ट्र सेवा दल के कलापथक द्वारा संपूर्ण महाराष्ट्र में, तथा अन्य लोगों की तरफ से मंदिर प्रवेश के आंदोलन का काफी जोर-शोर से प्रचार किया गया, लेकिन मंदिर के बडवे (पंडे) लोगों ने पासा फेंका की, अगर महाराष्ट्र का लोकमत मंदिर प्रवेश के तरफसे होगा तो मंदिर हरिजनो के लिए खोला जायेगा। लेकिन यह बडवे लोगों की एक राजनीतिक चालाकी थी। तो छ महिनों के बाद 1 मई 1948 के दिन साने गुरुजी और सेनापती बापटने पंढरपूर मे जाकर तनपुरे महाराज के मठ में आमरण अनशन शुरू किया।

और इस बीच काफी सारे घटनाक्रम हुए जिसमें महात्मा गाँधी के तारो से लेकर आचार्य विनोबा भावे के पत्राचार के बावजूद, गुरूजी का दस दिनों के उपवास के बाद, मंदिर के बडवे मंदिर के दरवाजे हरिजनो के लिए खोलने के लिये राजी हुए। 10 मई 1948 के रात साने गुरूजी ने 8:35 को अनशन की समाप्ति की। यह साने गुरुजी के जीवन की अंतिम समय की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी, क्योंकि भारत की स्वतंत्रता की सिर्फ़ कुछ औपचारिकताएं बाकी थी।

सवाल “आजादी के बाद भारत के जाति-धर्म निरपेक्ष समता मुलक जनतंत्र कैसे बनेगा?” और पंढरपुर के मंदिर प्रवेश की लड़ाई उन्होंने उसी के अनुसार लडी है। लेकिन सालभर के भीतर ही उन्हें निराशा ने घेर लिया कि भारत आजादी के बाद भी जो आदिवासी जंगल के बीच बाघों से नहीं डरता, लेकिन पुलिस या फॉरेस्ट के गार्ड से डरता है और अन्य समस्याओं को लेकर दुखी हो गये थे। सबसे ज्यादा महात्मा गाँधी की हत्या के कारण 11 जून 1950 के दिन उन्होंने इस दुनिया से विदा होने का निर्णय लिया।

शायद साने गुरूजी, जयप्रकाश नारायण जैसे संवेदनशील लोग जो देश-दुनिया के सवाल पर इतने संवेदनशील होते थे कि, लाखों की जनसंख्या वाले सार्वजनिक सभाओं में रोते थे। जोकि जेपी भले विवाहित थे, लेकिन जीवन भर प्रभावती जी के साथ रहकर भी ब्रह्मचर्य का पालन किया और सानेगुरुजी तो आजन्म अविवाहित रहे। इसलिये दोनों के पारिवारिक जीवन की समस्या नहीं थी, लेकिन दोनों लोगों की समस्याओं के साथ इतने घुलमिल गये थे कि वह समस्याओं को अपनी निजी समस्या समझ कर उससे दुखी हो जाते थे और भरी सभा में अपने आंसुओं को रोक नहीं पाते थे। जिस तरह पिछले दो साल पहले के किसानों के नेता श्री. राकेश टिकैत के आंसुओं ने लगभग खत्म हो रहे किसानों के आंदोलन में जान फुकी है, यह आंसुओं के परिणाम का सब से ताजा उदाहरण है।

और साने गुरूजी जैसे अति संवेदनशील लोग इन समस्याओं से संबंधित भावनिक एकाग्रता होने के कारण स्वतंत्रता के तीन साल होने आए तो भी गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, और पुलिस के अन्याय - अत्याचारो को देखकर बहुत ही बेचैन होकर अपने आप को इस दुनिया से विदा होने का निर्णय ले लिया।

ऐसे लोगों की तुलना में हमारी-आपकी संवेदनाएं बहुत थोथी होती हैं, इस कारण हम लोग आराम से अपना जीवन जीने के आदी हो जाते हैं। साने गुरूजी के जैसे लोग दुनिया में बहुत बिरले होते हैं। देश-दुनिया की स्थिति को देखते हुए, कुल मिलाकर अपने जीवन की अर्धशताब्दी पूरी करने के बाद उन्होंने दुनिया से 11 जून 1950 के दिन चले जाना पसंद किया। आज गुरुजी को हमारे बीच से शरीर चले जाने को 74 साल होने जा रहे हैं और जन्म के 125 साल। इस दरम्यान गत 30-35 सालों से सांप्रदायिक शक्तियों का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। अभी पूरे विश्व में क्राइस्ट के जन्मदिन के अवसर पर मेरी क्रिसमस मनाया जा रहा है लेकिन भारत में गत दो महीनों से लगातार चर्च तथा प्रार्थना स्थलों पर हिंदूत्ववादी लोग हमले कर रहे हैं।

आजादी के बाद के मुल्यो, तथा सानेगुरुजी जैसे संवेदनशील लोगो का सब से बड़ा पराजय है और सचमुच ही हम सानेगुरुजी के सपनों को पूरा करने के लिए कोशिश करने वाले सभी लोगों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है और मैं गत तीस सालों से भी ज्यादा समय से इस संकट के बारे में लगातार लिख-बोल रहा हूँ, लेकिन हमारे साथियों को समझाने में मै अभितक कामयाब नहीं हो पाया हूँ। अब कोई भारत जोडो तो कोई नफरत छोडो जैसे सांकेतिक काम कर रहे हैं लेकिन सांप्रदायिकता तथा जाति-धर्म का द्वेष का प्रचार-प्रसार एक संघठन गत सौ साल से लगातार कर रहा है, और जिसके परिणामस्वरूप आज इतिहास के क्रम में इतनी सांप्रदायिकता नहीं थी जितनी आज फैल चुकी है।



साने गुरूजी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि उन्होंने जिन कारणों से अपने आपको इस दुनिया से विदा कर लिया था, उसे बेहतर बनाने के लिए हम सभी साथियों ने अपने आपको झोंक देना चाहिए। अन्यथा हम यह लिखने-बोलने की स्थिति में भी रहेंगे की नही मुझे शंका है और सबसे बड़ी जिम्मेदारी राष्ट्र सेवा दल के देशभर के साथियों की है जिसे सानेगुरुजी अपना प्राणवायु कहा करते थे।

2) White paper on the Telangana state's finances

In the last week of December 2023, less than a month after taking over, the new government of Telangana issued a white paper on the state's finances. We reproduced the summary below. At the end we also provide a table which shows the fiscal situation of all the major states. As can be seen the situation is alarming. The full paper can be downloaded from

https://cdn.telanganatoday.com/wp-content/uploads/2023/12/English-White-paper-revised.pdf

The principal tool in the hands of the state government to manage the finance is the state budget. In Telangana, there is a gap of almost 20% between the budgeted and the actual expenditure. This figure is not only high when compared to other states, but also in comparison to the expenditure achieved in the united Andhra Pradesh.

This gap in expenditure between the budget and actuals has meant that there is an accumulation of committed expenditure in terms of payments made for the services rendered by the suppliers and contractors and also to the employees. Further, there is a huge gap between the budgeted and actual money spent on major welfare schemes such as Dalita Bandhu and other welfare programs aimed at the welfare of ST, BC and minorities.

In united Andhra Pradesh, over a period of 57 years, an amount of ₹4.98 lakh crore was spent for development of Telangana region. With this money, substantial and tangible assets in terms of roads, irrigation projects, educational institutions, hospitals and power projects were created. In addition, the state facilitated - by giving lands and incentives to central public sector undertakings, defense establishments, thus paving the way for Hyderabad to be a pharma, defense and IT major in India.

In contrast, after the formation of the state, in the last 10 years, the total debt of the state and the SPVs has gone up to ₹ 6,71,757 crore from ₹ 72,658 crore in 2014-15. This gigantic increase in the debt (almost 10 times) has created an enormous fiscal stress on the state's finances in terms of its ability to service the debt. Further, no tangible fiscal assets in proportion to the money spent were created in the past 10 years.

The debt servicing burden of monies which are borrowed on the budget and off-budget has increased enormously and is consuming 34% of the state's revenue receipts. Further, the salaries and pensions of employees consume another 35% of the state revenue receipts.

This committed expenditure has meant that very little fiscal space is available for undertaking any welfare measures for the poorer sections of the society and growth enhancement measures for the development of the economy.

Consequently, the state has not been able to spend enough money on critical sectors such as Education and Health where the budgeted amount as the proportion of the total expenditure is amongst the lowest in the country.

A careful analysis of the above facts shows that Telangana state which was a revenue surplus state in 2014 and has one of the fastest growing economies in the country is now staring at a debt crisis. The rate of accumulation of the debt from off-budget borrowings has led to this situation. Every effort will be made to increase the state's resources and direct expenditures toward uplifting the impoverished, while reducing unnecessary spending. The new Government is determined to implement all the six guarantees which are promised by the party based on which the people of Telangana had given the mandate for change.

The Government is determined to overcome the fiscal challenges in a responsible, prudent and transparent manner. The white paper on state finances is the first step in this direction.

General Category States: Fiscal Deficit-to-GSDP Ratio

Sl. No.	State	Fiscal Deficit-to-GSDP ratio (2021-22)
1	2	3
1	Odisha	-3.1%
2	Jharkhand	0.7%
3	Gujarat	1.2%
4	Chhattisgarh	1.5%
5	Uttar Pradesh	2.0%
6	Maharashtra	2.1%
7	Andhra Pradesh	2.2%
8	Goa	3.2%
9	Karnataka	3.3%
10	Madhya Pradesh	3.3%
11	Haryana	3.6%
12	West Bengal	3.7%
13	Bihar	3.9%
14	Rajasthan	4.0%
15	Tamil Nadu	4.0%
16	Telangana	4.1%
17	Punjab	4.5%
18	Kerala	4.9%

Source: RBI State Finances – A Study of Budgets of 2023-24

Notes: 1. Gross Fiscal Deficit (GFD) receipts include revenue receipts and miscellaneous capital receipts.

2. GFD Expenditure includes revenue expenditure, capital outlay, and loans and advances net of recoveries.

3) रोजगार निर्माण के लिए एक रणनीति

विजय महाजन, प्रशांत रेजी और जगमीत सिंह

3.1 प्रस्तावना

इस सदी के पहले दशक 2001-2010 के मुकाबले, 2011 से शुरू हुए दूसरे दशक में भारत की जी. डी. पी. वृद्धि दर कुछ कम हुई । वृद्धि में गिरावट की वजह से साल 2017 के बाद से रोजगार बढ़ना थम गया। जून, 2019 में आधिकारिक तौर पर जारी किए गए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पी. एल. एफ़. एस जून 2017-जून 2018) (के आंकड़ों का इस्तेमाल करते हुए और इसे पूरी जनसंख्या पर लागू करते हुए, लेखकों ने अनुमान लगाया कि भारत में कोविड महामारी के दो साल पहले 2018 में कुल श्रम बल 45.8 करोड़ था।) 2018 में 43.2 करोड़ रोजगार प्राप्त कामगार थे (कार्यरत बल) तथा 2.7 करोड़ लोगों को रोजगार की जरूरत अर्थात बेरोजगारी दर श्रम बल) का 5.8 फीसदी थी।

पी. एल. एफ़. एस. आँकड़ों (एन. एस. एस. ओ., 2019) के मुताबिक, 2018 में भारत में कामकाजी उम्र (15 साल से 64 साल) की एल. एफ़. पी. आर. 50.2 फीसदी थी। बल युवा वर्ग की एल. एफ़. पी. आर. 38.2 फीसदी थी। यह बताता है कि बहुत सारे युवा "शिक्षा, रोजगार और प्रशिक्षण" (एन. ई. ई. टी.) में नहीं हैं। भारत में महिलाओं की श्रम बल में भागीदारी बहुत कम है | ग्रामीण इलाको की मात्र 18.2 फीसदी और शहरी इलाकों की मात्र 15.9 फीसदी महिलाएं ही श्रम बल में थीं। 2000 के दशक के मध्य से पहले से ही गिरी हुई महिला श्रम बल भागीदारी दर में तेजी से आई गिरावट, उसी 'U' संबंध को दिखाती है, जब उच्च आर्थिक वृद्धि के दौरान शायद महिला श्रम बल भागीदारी दर अपने न्यूनतम पर पहुंच गई (मेहरोत्रा और परीदा, 2017; मेहरोत्रा और सिन्हा, 2017; रेजी, 2019)।

Source: Image

कोविड महामारी के बाद निचला तबका पहले के मुकाबले कहीं अधिक आर्थिक तनाव महसूस कर रहा है| इसके चलते कहीं अधिक महिलाएं औरएन. ई. ई. टी (घर बैठे).युवा अपने-अपने परिवारों की आय बढ़ाने के लिए श्रम बल में आने के लिए मजबूर होंगे। ऐसे में शायद एल. एफ़. पी. आर. में गिरावट का फेर पलट गया |

निम्न लिखित तालिका से प्रतीत होता है कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2018 से 2023 तक 8.8 करोड़ नए व्यक्ति श्रम बल में जुड़े और 9.3 करोड़ व्यक्तियों को रोज़गार मिला क्योंकि इस बीच 0.5 करोड़ बेरोज़गारों को भी रोज़गार मिला|

2018-19 से 2021-22 तक रोजगार, एलएफपीआर, डब्ल्यूपीआर और यूईआर और 2022-23 तक अनुमानित					
वर्ष	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23 (P)
का मापण	यूएस = पीएस + एसएस				
भारत की जनसंख्या करोड़ में	138.3	139.6	140.7	141.7	142.7
कामकाजी उम्र की आबादी करोड़ में	91.3	92.1	94.3	96.4	98.5
एलएफपीआर %	50.20%	53.50%	54.90%	55.20%	55.5%
श्रम बल करोड़ में	45.8	49.3	51.8	53.2	54.7
बेरोजगारी दर यूईआर %	5.80%	4.80%	4.20%	4.10%	4.0%
बेरोजगार श्रम बल करोड़ में	2.7	2.4	2.2	2.2	2.2
कार्यरत = श्रम बल में से बेरोजगार घटा कर करोड़ में	43.2	46.9	49.6	51.0	52.5
डब्ल्यूपीआर %	47.30%	50.90%	52.60%	52.90%	53.2%
संक्षिप्ताक्षर :					
यूएस = रोजगार की सामान्य स्थिति जिसमें मूल स्थिति (पीएस) और सहायक स्थिति (एसएस) शामिल है					
एलएफपीआर = श्रम बल भागीदारी दर डब्ल्यूपीआर = श्रमिक जनसंख्या अनुपात					
स्रोत : एलएफपीआर, डब्ल्यूपीआर और यूईआर के लिए विभिन्न वर्षों की पीएलएफएस वार्षिक रिपोर्ट।					
https://dge.gov.in/dge/reference-publication-reports-annual					
https://www.macrotrends.net/countries/IND/india/population	वर्षवार जनसंख्या अनुमान के लिए				
https://www.statista.com/statistics/271315/age-distribution-in-india/	कामकाजी उम्र की आबादी के लिए %				

ज़मीनी स्थिति देखें से यह आंकड़ें मानने में मुश्किल लगती है | तो इसका स्पष्टीकरण क्या है? हालाँकि रोज़गार में जुड़े लोगों की संख्या बढ़ी है परन्तु इनमे बहुत से ऐसे लोग हैं जिन्हे केवल बिना पारिश्रमिक वाला घरेलू काम या बहुत काम आय वाला स्वरोजगार या कृषि कार्य मिला| ज़मीनी स्थिति देखें से यह आंकड़ें मानने में मुश्किल लगती है |

तो इसका स्पष्टीकरण क्या है? हालाँकि रोज़गार में जुड़े लोगों की संख्या बढ़ी है परन्तु इनमे बहुत से ऐसे लोग हैं जिन्हे केवल घरेलू काम मिला है परन्तु कोई वेतन या पारिश्रमिक नहीं | इसके अलावा कृषि में काम करने वालों की संख्या बढ़ी है जबकि कृषि में पहले से ही आवश्यकता से अधिक लोग लगे हैं | कुछ बढ़ोतरी स्वरोज़गार में हुई है परन्तु आय के आंकड़ों से नहीं लगता के की यह बेरोज़गारी से बहुत बेहतर है| इस विषय पर विस्तार से टिपण्णी मेहरोत्रा (2023) में देखें |

3.2 2018 से 2024 के बीच अधिक रोजगार संभावनाओं वाले क्षेत्र

अगर हम श्रम बल में आने वाले सभी नए कामगारों और पुराने बेरोजगारों के लिए नीतिगत स्तर पर एक बड़ी सफलता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं तो 2018 से 2023 के बीच पूर्ण रोज़गार के लिए 11.1 . करोड़ रोजगार पैदा करने की जरूरत थी । । यद्यपि, हर कोई इस पर सहमत है कि रोजगार निर्माण की जरूरत है, चुनौती पर्याप्त गुणवत्तापरक रोजगार पैदा करने की है, जिनमें पर्याप्त भत्ता मिलता हो और मानवीय विकास एवं सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियां हों।

सवाल यह है कि क्या इतने बड़े स्तर पर गुणवत्तापरक रोजगार पैदा किए जा सकते हैं, खासकर पिछले दशक के निराशाजनक इतिहास को ध्यान में रखते हुए? केवल हां कहने से काम नहीं चलेगा।

हमें यह जवाब देना होगा कि आखिर अर्थव्यवस्था के किन क्षेत्रों में ये रोजगार पैदा किए जा सकते हैं? और निवेश के किस स्तर पर? और सारी पूंजी कहां से आएगी? और यह जानते हुए कि पूंजी पर्याप्त नहीं होगी, यह सुनिश्चित करने के लिए कि निवेश से अच्छे भत्तों वाले पर्याप्त रोजगार पैदा हों, उसके लिए नीतियों और संस्थानों को भी पुनर्गठित करना होगा।

किसी भी ऐसी अर्थव्यवस्था में जिसमें लगातार श्रम बल बढ़ रहा हो, उसमें लगभग सबके लिए रोजगार पैदा करना एक ऐसा उद्देश्य है जिसे पूरा करने के लिए मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होगी, ताकि रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्रों में सार्वजनिक और निजी निवेश किया जा सके। इसके लिए गहन चिंतन की जरूरत है और इस पेपर में बमुश्किल से इसकी शुरुआत की गई है।

जहां तक बात रोजगार निर्माण की है, सभी सेक्टर एक जैसे नहीं हैं। निवेश के एक ज्ञात स्तर के साथ कुछ सेक्टर दूसरे सेक्टर्स के मुकाबले अधिक रोजगार पैदा करते हैं। रोजगार संभावना वाले क्षेत्र इस तरह से हैं: (महाजन (2021))

- जिन प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण हो चुका है, उन्हें फिर से जीवित करना। जैसे- जल जंगल। जमीन,
- निर्माण क्षेत्र, विशेष तौर पर निम्न आय आवासन और स्थानीय लघु स्तर का इन्फ्रास्ट्रक्चर
- एक तरह के उद्योगों का घने झुण्ड वाले शहर (जैसे अलीगढ में ताले, मोरबी में घड़ियाँ) और छोटे कस्बों में स्थित सूक्ष्म और लघु उद्यमों में विनिर्माण
- श्रम केंद्रित सेवाएं

Source: https://sc0.blr1.cdn.digitaloceanspaces.com/article/111376-fesodklbrc-1615901787.jpg

हमारा मानना है कि कुल निवेश के लिए इन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए- सार्वजनिक और निजी, दोनों। निजी निवेश अनुमानित फायदे को अधिकत सीमा तक पहुंचाने के तर्क पर चलेगा और इसे केवल उच्च रोजगार पैदा करने वाले सेक्टर्स को मिले प्रोत्साहनों के जरिए बल दिया जा सकेगा। हालांकि, सार्वजनिक निवेश को केवल उच्च रोजगार और साथ ही साथ सार्वजनिक उत्पादों और सकारात्मक बहिकारक पैदा करने वाले क्षेत्रों में ही प्राथमिकता दी जा सकती है।

इसे निजी निवेश द्वारा सहायता देने की जरूरत पड़ेगी, जिसे इन क्षेत्रों में उपयुक्त प्रोत्साहनों और निवेश पर फायदा लौटाने को सुनिश्चित करने वाले ढांचे के निर्माण के जरिए मोड़ा जा सकता है। यह पांच दशक पहले औद्योगिक क्षेत्र में और दो दशक पहले आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में निजी निवेश के आकर्षित करने के लिए किया गया था। इस प्रक्रिया को अब एक बार फिर से प्राकृतिक संसाधन क्षेत्र और साथ ही साथ सामाजिक सेवा क्षेत्र के लिए दोहराना होगा। इस दिशा में कुछ शुरुआत हो चुकी है और इस प्रक्रिया को लोकहित की रक्षा में तेज करना होगा।

जिन प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण हो चुका है - उदहारण - जल, जंगल , जमीन, उन्हें फिर से जीवित करना।

हम पहले अलग-अलग आर्थिक क्षेत्रों पर नजर डालते हैं। कृषि सबसे बड़ा रोजगार प्रदान करने वाला क्षेत्र है लेकिन लाखों कामगार और किसान अनिश्चित और कम आय के चलते इससे बाहर आ रहे हैं। इसकी जगह वो गैर-कृषि संबंधी कामकाज खोज रहे हैं। स्थानीय स्तर पर भी और बड़े शहरों में प्रवास के जरिए भी। लेकिन इसके बाद भी इस ट्रेंड को रोकना संभव है अगर कृषि के लिए जिन संसाधनों का क्षरण हो चुका है, उन्हें फिर से जीवित करने के लिए निवेश किया जाए। ये संसाधन- हैं जल, जंगल, जमीन।

जिन प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण हो चुका है, उनमें जलधाराएं, नदियां, जलाशय और भूजल एक्वीफायर्स; कटाई और चराई के चलते छंट चुके जंगल; रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग, सीमा से अधिक सिंचाई और मृदा अपरदन के चलते जिन खेतों की मिट्टी की हालत खराब हो चुकी है, इत्यादि शामिल हैं।

5.5 करोड़ हेक्टेयर से भी अधिक बंजर भूमि को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। वहीं दूसरी करीब 6 करोड़ हेक्टेयर जमीन को उच्च स्तर पर मृदा और जल संरक्षण की जरूरत है। इसके साथ ही झीलों, तालाबों, और टैंक्स की करीब 75 लाख हेक्टेयर भूमि को सुधार की जरूरत है। वहीं लगभग दो तिहाई जिलों में भूजल स्तर को फिर से उसकी पहली जैसी अवस्था में लाने के लिए तुरंत कदम उठाने की जरूरत है।

इधर, एक करोड़ हेक्टेयर की तथाकथित जंगली जमीन पर फिर से पर्याप्त वन रोपण करना है। ऐसे में जिन प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण हो चुका है, उन्हें फिर से जीवित करने के क्षेत्र में लाखों रोजगार संभावनाएं हैं। यद्यपि, इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए बहुत सारी योजनाएं जैसे एकीकृत वाटरशेड विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम और राष्ट्रीय बंजर भूमि विकास कार्यक्रम चल रही हैं, इन्हें नई ऊर्जा दिए जाने की जरूरत है। प्राकृतिक संसाधनों के सतत प्रयोग से लंबे समय तक रोजगार पैदा होने की संभावना बनेगी।

ध्यान देने की बात यह है कि इन रोजगारों का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण और जंगल वाले आदिवासी इलाकों में है, और शहरी इलाकों की परिधि में है, ठीक उन्हीं जगहों पर जहां रोजगारों की जरूरत है। इसके अलावा, इनमें से 90 फीसदी रोजगारों के लिए किसी भी तरह के कौशल और अर्धकौशल की ही जरूरत है। इससे अगले कुछ सालों में श्रम बल में मौजूद एक बड़ी संख्या में लोगों के लिए रोजगार पाने का रास्ता साफ होगा।

निम्न आय आवासन और स्थानीय लघु स्तर का इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए निर्माण क्षेत्र

निर्माण क्षेत्र में देखें तो आवासन और साथ ही साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर में बड़ी संख्या में रोजगार निर्माण की संभावना है। उल्लेखनीय तौर पर दो करोड़ आवासों की कमी और मौजूदा आवासन के स्तर को ऊपर उठाने की जरूरत, साथ ही साथ बैंकों और वित्तीय कंपनियों की तरफ से हाउजिंग फाइनांस की उपलब्धता को देखते हुए यह कहना ठीक होगा कि इस क्षेत्र को वित्तीय बढ़ावे की नहीं, बल्कि एक नीति की जरूरत है। इसके अलावा, मौजूदा शीर्ष 100 शहरों के बाद अगले 1000 शहरों में आधारभूत ढांचे के निर्माण और सुधार की जरूरत सड़कों, पुलों और स्कूलों, स्वास्थ्य सेवा केंद्रों, पुलिस थानों और अस्पतालों जैसी सार्वजनिक इमारतों जैसे आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिए कामगारों की उच्च मांग पैदा करेगी।

Source: https://prod-upp-image-read.ft.com/7bb7b670-1636-11e4-8210-00144feabdc0

रियल स्टेट और कन्स्ट्रक्शन क्षेत्र में लगी हुई श्रम शक्ति का लगभग 90 फीसदी हिस्सा भवन निर्माण में कार्यरत है, जबकि बाकी का 10 फीसदी हिस्सा भवन निर्माण प्रक्रिया को पूरा करने, समापन, इलेक्ट्रिकल, प्लंबिंग, दूसरी इंस्टालेशन सेवाओं, विध्वंसन और काम की जगह को तैयार करने के कार्य में लगा हुआ है। रियल स्टेट और कन्स्ट्रक्शन क्षेत्र में 80 फीसदी से अधिक रोजगार बेहद की कम कौशल की जरूरत वाले होते हैं, जबकि 10 फीसदी कौशलपूर्ण कामगारों की जरूरत होती है। यह इस तथ्य के साथ मेल खाता है कि फिलहाल श्रम बल में निम्न स्तर के कौशल वाले कामगार मौजूद हैं और अगले कुछ सालों में उनका कौशल निर्माण हो जाएगा।

छोटे कस्बों में स्थित सूक्ष्म और लघु उद्यमों (MSEs) में विनिर्माण

गैर-कृषि क्षेत्रों में रोजगार, इस अनुपात में भी नहीं बढ़ा है कि मांग के कहीं आसपास भी ठहरे। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार वृद्धि कम बनी हुई है और इसके और कम होने की आशंका है क्योंकि व्यापक स्तर पर स्वचालन प्रयोग में आने लगा है। फिर भी, विनिर्माण क्षेत्र में, कृषि प्रसंस्करण के इर्द गिर्द नए रोजगार पैदा होंगे। ये रोजगार कृषि के स्तर पर उत्पादक इलाकों (जैसे पंजाब का दोआबा, मध्य प्रदेश का मालवा और आंध्र प्रदेश की तटीय पट्टी; और ग्रामीण इलाकों में सूक्ष्म उद्यमों जैसे हथकरघा और हस्तशिल्प) में पैदा होंगे। MSME क्लस्टर्स की बुनियाद के लिए चल रहे प्रोजेक्ट क्लस्टर ऑब्जरवेटरी के मुताबिक, ऑटोमोबाइल्स से लेकर पर्यटन तक भारत में अलग-अलग उत्पादों/सेवा श्रेणियों में 5600 से अधिक क्लस्टर्स काम कर रहे हैं।

क्लस्टर की श्रेणी	संख्या
औद्योगिक क्लस्टर्स	1416
हस्तशिल्प क्लस्टर्स	3403
हथकरघा क्लस्टर्स	608
सूक्ष्म् क्लस्टर्स	154

अगर SMEs को और अधिक उत्पादक और निर्यात-केंद्रित बनाया जाता है तो इन क्लस्टर कस्बों (जैसे पीतल के काम के लिए मुरादाबाद और होजरी के लिए तिरुपुर) में विनिर्माण रोजगार गति प्राप्त कर सकते हैं। आयातित उत्पादों के लिए नए माध्यमों और यहां तक की स्थानीकरण पर आधारित बड़े औद्योगिक क्लस्टर्स को स्थापित कर भी नए रोजगार पैदा किए जा सकते हैं (जैसा कि मोबाइल फोन विनिर्माण के लिए नोएडा और चेन्नई में पहले ही हो चुका है।

श्रम केंद्रित लघु स्तर की सेवाएं

सेवा क्षेत्र में पिछले दशक में उच्च स्तर के रोजगार की ज्यादातर वृद्धि सूचना प्रौद्योगिकी (IT) और IT पर आधारित सेवा क्षेत्र के जरिए हुई, जो अब पहले से कहीं बेहतर सॉफ्टवेयर स्वचालन और साथ ही साथ अमेरिका में इनसोर्सिंग की तरफ वापस से लौटने के चलते मंदी का सामना कर रही है। ऐसे में, हमें एक बार फिर से खुदरा और थोक व्यापार, संग्रहण और माल भण्डारण, परिवहन और संचार जैसे दूसरे सेवा क्षेत्रों में रोजगार वृद्धि की संभावनाएं तलाशनी होंगी।

पर्यटन में बहुत से रोजगारों की संभावना है, जो कि एक मिले जुले ढंग का सेक्टर है। ग्रामीण और छोटे कस्बाई इलाकों से लेकर धार्मिक स्थानों के स्तर पर और नए पर्यटन स्थलों का विकास कर नए रोजगार पैदा किए जा सकते हैं, जैसे- झारखंड में बैजनाथ देवघर, पश्चिम बंगाल में गंगा सागर द्वीप, मध्य प्रदेश में मांडू जैसे ऐतिहासिक स्थल और ओडिशा में सिमलीपाल टाइगर रिजर्व जैसे सुदूर स्थित वन्यजीव पर्यटन क्षेत्र। व्यवसाय और व्यक्तिगत सेवाओं जैसे क्षेत्र भी सेवा क्षेत्र में रोजगार वृद्धि के बड़े क्षेत्र हैं, जैसे- रियल स्टेट सेल्स एंड मैनेजमेंट, कॉल सेंटर्स, डेटा सेंटर्स और पर्सनल ग्रूमिंग, मनोरंजन और मनोविनोद इत्यादि। इनमें से ज्यादातर सेवाएं निजी सेक्टर में दी जाती हैं और राज्य को केवल 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के बैनर तले सुगम नीतियां बनानी हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करना है कि इससे बड़ी संख्या में सूक्ष्म और लघु उद्यमों को भी फायदा हो।

अनौपचारिक क्षेत्र में रोजगारों की सुरक्षा के लिए पथ विक्रेता (जीविका सुरक्षा एवं पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 जैसे कानून को उसकी मूल भावना के साथ लागू करने की जरूरत है। जी. एस. टी. की प्रक्रिया जिसमें ऑनलाइन तरीके से रिटर्न फाइल करने की जरूरत भी शामिल है, वो लाखों सूक्ष्म उद्यमों के लिए दुर्भर है और इसे युक्तिसंगत बनाया जाना चाहिए। केवल बड़े भुगतानकर्ताओं को ही कम्प्यूटरीकृत तरीके से जी. एस. टी. भरने के लिए कहा जाना चाहिए, जबकि छोटे भुगतानकर्ता वार्षिक तौर पर और संक्षिप्त स्तर पर रजिस्ट्रेशन के जरिए भी ऐसा कर सकते हैं, वहीं सूक्ष्म उद्यमों को जी. एस. टी. भरने की ही जरूरत नहीं होनी चाहिए।

स्वास्थ्य और शिक्षा, लोक प्रशासन और वित्तीय सेवाओं जैसी सामाजिक सेवाएं निजी और सार्वजनिक, दोनों क्षेत्रों में बड़े स्तर की रोजगार प्रदाता हो सकती हैं। हमने अलग-अलग सरकारी वेबसाइट्स से डेटा इकट्ठा किया है, जो बताता है कि शिक्षकों से लेकर पुलिस कर्मचारियों तक लगभग 20 लाख सरकारी नौकरियां उपलब्ध हैं।

3.3 क्रियापद्धति और मॉडल

वर्ष 2023 में जी. डी. पी. लगभग 272 खरब रुपये थी। 30 फीसदी की मौजूदा निवेश दर पर इससे 82 खरब रुपये प्रति वर्ष का निवेश पैदा होता है, और जैसे-जैसै अर्थव्यवस्था बढ़ेगी वैसे-वैसे यह निवेश भी हर साल बढ़ेगा। इसके साथ ही, कुल निवेश को बढ़ाने के लिए नीतिगत स्तर पर एक दूसरा परिवर्तनशील भी हो सकता है। घरेलू बचत को बेहतर बनाकर और साथ ही साथ विदेशी निवेश को आकर्षित कर ऐसा किया जा सकता है। घरेलू निवेश सार्वजनिक और निजी, दोनों क्षेत्रों से होना चाहिए, वास्तव में निजी क्षेत्र से अधिक।

हमने एक रूढ़िवादी अनुमान लगाया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था साल दर साल अपनी जी. डी. पी. का केवल 30 फीसदी हिस्सा निवेश करेगी। यह आंकड़ा 24 से 40 फीसदी के बीच झूलता रहा है। मुख्य नीतिगत फैसला यह है कि आखिर किस तरह से अलग-अलग सेक्टर्स में निवेश किया जाए ताकि लक्षित रोजगारों की संख्या हासिल की जा सके, और यह सुनिश्चित किया जा सके कि ये रोजगार अच्छे भत्ते वाले हैं और उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि पैदा कर रहे हैं। निवेश का ज्यादातर हिस्सा खर्च होगा क्षीण हो चुके प्राकृतिक संसाधनों के पुनर्जीवन पर।
यह अलग-अलग सेक्टर्स में नीति निर्देशित निवेश के पुननिर्यतन के लिए एक मजबूत दलील है, जिसमें अधिक सार्वजनिक निवेश रोजगार पैदा करने वाले चार क्षेत्रों की तरफ मोड़ा जाएगा। मुख्य तौर पर सार्वजनिक निवेश की जरूरत साझा संपत्ति संसाधनों को पुनर्जीवित करने में होगी। लेकिन एक बड़ा नीतिगत हस्तक्षेप नए आर्थिक ढांचे को विकसित करने के लिए जरूरी होगा।

सार्वजनिक निवेश का एक दूसरा बड़ा हिस्सा निम्न स्तर के आधारभूत ढांचे जैसे ग्रामीण और जिला स्तर पर सड़कें, पुल, बाजार अहाते, और लोक सेवा के प्रावधान, जिनमें स्वास्थ्य, साफ-सफाई, शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, कानून एवं व्यवस्था, और न्याय का प्रशासन शामिल हैं। निजी निवेश के लिए हमारा अनुमान है कि यह मुख्यत: निर्माण, विशेष तौर पर निम्न आय आवासन; अति सूक्ष्म एवं लघु विनिर्माण- हस्तशिल्प, हथकरघा, बिजली से चलने वालीं वस्त्र निर्माण मशीनों; लकड़ी एवं धातु के उत्पाद; सीमेंट, सेरेमिक, शीशे और प्लास्टिक के उत्पाद; इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स, हाथ से चलने वाले उपकरणों और मशीनों और लघु स्तर के सेवा क्षेत्र में जाएगा। इन क्षेत्रों में भी निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन भी दिया जा सकता है।

अलग-अलग क्षेत्रों में नीति निर्देशित निवेश के रोजगार पर असर का मूल्यांकन करने के लिए हमने एक साधारण आर्थिक मॉडल प्रयोग किया है, जिसके बारे में हमने नीचे बताया है। इसकी शुरुआत हमने मुख्य परिवर्तनशील का विवरण देकर की है। मॉडल दिखाता है कि अलग-अलग क्षेत्रों में निवेश स्तर का रूपांतरण करने से अलग-अलग स्तर का रोजगार पैदा होता है।

प्रत्येक सेक्टर में निवेश के समान स्तर पर प्रति इकाई निवेश पर अलग-अलग स्तर के रोजगार पैदा होते हैं, ऐसे में हमने रोजगार के स्तर को बढ़ाने के लिए निवेश वितरण का अंतर-क्षेत्रगत अनुकूलन किया है। यही मुख्य नीतिगत परिवर्तनशील है।

3.4 मॉडल के परिणाम

उच्चतर रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रों में निवेश का अनुकूलन

जॉब यंत्र हमें यह दिखाता है कि अलग-अलग क्षेत्रगत वितरण का रोजगार और साथ ही साथ वृद्धि पर क्या असर पड़ता है, और इस तरह से यह मैनुअल ऑप्टिमाइजेशन के लिए जगह बनाता है। सारणी 2 दिखाती है कि प्रत्येक सेक्टर में उनके निर्माण के लिए कितने निवेश की जरूरत है। यह मॉडल आंतरिक तौर पर इस मायने में सटीक है कि वृद्धिशील पूंजी-उत्पादन अनुपात के अनुमानों के साथ, वही निवेश पांच सालों के लिए प्रति वर्ष औसतन 6.02 फीसदी की जी. डी. पी. वृद्धि दर को भी पैदा करता है।

हमारे मॉडल के अनुमानों के मुताबिक, नीति-निर्देशित अंतर-क्षेत्रगत निवेश वितरण के जरिए, 2024 से 2029 के बीच 7 करोड़ 6 लाख लोगों के लिए अतिरिक्त रोजगार पैदा किया जा सकता है। इसमें से, एक करोड़ 14 लाख लोगों के लिए क्षीण हो चुके प्राकृतिक संसाधनों को पुनर्जीवित करने के क्षेत्र, दो करोड़ 14 लाख लोगों के लिए आवासन और लघु स्तर के इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम (MSE) विनिर्माण में एक करोड़ 14 लाख और एक करोड़ 28 लाख लोगों के लिए लघु स्तर के व्यापार, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, सरकारी, वित्तीय और निजी सेवाओं के क्षेत्र में रोजगार पैदा किए जा सकते हैं। यह 7 करोड़ 6 लाख रोजगार का 80 फीसदी हिस्सा है, यानी कुल 5 करोड़ 70 लाख रोजगार, और ऐसा केवल अर्थव्यवस्था में 50 फीसदी निवेश के जरिए संभव है।

सारणी 2: प्रत्येक सेक्टर में निर्मत रोजगार और आवश्यक निवेश

सेक्टर	2024-29 के दौरान कुल निवेश खरब ₹ में	कुल निवेश में सार्वजनिक हिस्सा % के तौर पर	2024 -29 के दौरान सार्वजनिक निवेश खरब ₹ में
कृषि, पशुधन, मत्स्य पालन, वनीकरण	14	10 %	1.4
क्षीण हो चुके प्राकृतिक संसाधनों का पुनर्जीवन	14	90 %	12.6
निर्माण- आवासन और लघु इन्फ्रास्ट्रक्चर	43	30 %	12.9
विनिर्माण- सूक्ष्म एवं लघु उद्यम	29	10 %	2.9
लघु स्तर की सेवाएं	43	60 %	25.8
अर्थव्यवस्था के बाकी दूसरे सेक्टर	143	10 %	14.3
कुल	**285**	**25 %**	**70**

